राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून, 25 दिसम्बर, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने देश की सरहद पर भारत माँ की सेवा के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले कोटद्वार के राइफ़लमैन शहीद गौतम कुमार और चमोली के शहीद वीरेन्द्र सिंह को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की है। राज्यपाल ने कहा की राष्ट्र सेवा के लिए देवभूमि के सपूतों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर देशभक्ति की जो मिसाल पेश की है उसे देश हमेशा याद रखेगा और हमें राष्ट्र सेवा के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा।

............0............